RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि


हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 34 • 16:02:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

लोकसभा चुनाव से पहले

### सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर रोक लगाई

## ये स्कीम असंवैधानिक है




### 13 मार्च को पता चलेगा किस पार्टी को किसने, कितना चंदा दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 6 साल पुरानी इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ये स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। अब13 मार्च को पता चलेगा किस पार्टी को किसने, कितना चंदा दिया।।

कोर्ट ने इलेक्शन कमीशन से 13 मार्च तक अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम की जानकारी पब्लिश करने के लिए कहा है। इस दिन पता चलेगा कि किस पार्टी को किसने, कितना चंदा दिया। यह फैसला 5 जजों ने सर्वसम्मति से सुनाया।

### सबसे ज्यादा चंदा देने वाली कंपनियों को लेकर क्या कहा?

किसी एक व्यक्ति की ओर से दिए गए चंदे के मुकाबले किसी कंपनी की ओर से की गई फंडिंग का राजनीतिक प्रक्रिया पर ज्यादा असर हो सकता है। कंपनियों की ओर से की गई फंडिंग शुद्ध रूप से व्यापार होता है। चुनावी चंदे के लिए कंपनी एक्ट में संशोधन मनमाना और असंवैधानिक कदम है। इसमें कंपनियों और किसी एक चंदा देने वाले को एक जैसा बना दिया गया।

### मतदाता के अधिकारों को लेकर क्या कहा?

पॉलिटिकल फंडिंग की जानकारी के चलते मतदाता अपने वोट के लिए सही चुनाव कर सकता है। सारी राजनीतिक फंडिंग पब्लिक पॉलिसी में बदलाव के मकसद से नहीं होती है। छात्र, दिहाड़ी मजदूर आदि भी चंदा देते हैं। ऐसे में सिर्फ इसलिए चुनावी चंदे को गोपनीयता के दायरे में रखना, क्योंकि कुछ कंट्रीब्यूशन किसी और मकसद से किए गए हैं, यह अनुचित है।

### सुप्रीम कोर्ट ने 2 नवंबर को फैसला सुरक्षित रखा था

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने तीन दिन की सुनवाई के बाद 2 नवंबर 2023 को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में सुनवाई हुई।

### इलेक्टोरल बॉन्ड जारी करने वाले बैंक एसबीआई के लिए क्या कहा?

एसबीआई राजनीतिक दलों का ब्योरा दे, जिन्होंने 2019 से अब तक इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए चंदा हासिल किया है। एसबीआई राजनीतिक दल की ओर से कैश किए गए हर इलेक्टोरल बॉन्ड की डिटेल दे, कैश करने की तारीख का भी ब्योरा दे। एसबीआईसारी जानकारी 6 मार्च 2024 तक इलेक्शन कमीशन को दे।

**चुनाव आयोग के लिए यह गाइडलाइन दी-** एसबीआई से मिलने वाली जानकारी को इलेक्शन कमीशन 13 मार्च तक अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर पब्लिश करे। ताकि जनता भी इनके बारे में जान सके।

**राजनीतिक दलों के लिए फैसले में क्या कहा?-** सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का सीधा असर राजनीतिक दलों पर ही पड़ेगा, लेकिन इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों के लिए कोई निर्देश या स्टेटमेंट नहीं दिया है।





पीएम मोदी ने कतर के शासक को भारत आने का न्योता दिया

## भारतीय नौसैनिकों की रिहाई पर धन्यवाद

- **दोनों देशों में 1.66 लाख करोड़ का व्यापार**

**दोहा (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कतर के अमीर यानी शासक शेख तमीम बिन हमाद अल थानी से मिलने पहुंचे। यहां उनका सेरेमोनियल वेलकम हुआ। दोनों लीडर्स ने द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भारतीय नौसैनिकों को रिहा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल थानी को धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने उन्हें भारत आने का भी न्योता दिया।

दोनों नेताओं ने स्पेस, टेक्नोलॉजी में सहाभागिता बढ़ाने पर चर्चा की। इसके बाद अल थानी ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए लंच का भी आयोजन किया। भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत और कतर के बीच व्यापार बढ़कर 20 अरब डॉलर यानी 1.66 लाख करोड़ के पार पहुंच चुका है।

### भारतीयों से मिले मोदी

इससे पहले यूएई के दो दिन के दौरे के बाद पीएम मोदी बुधवार (14 फरवरी) की रात कतर की राजधानी दोहा पहुंचे थे। यहां एयरपोर्ट पर कतर के विदेश मंत्री सोल्तान बिन साद अल-मुरैखी ने पीएम मोदी का स्वागत किया। इसके बाद वो होटल पहुंचे। यहां उन्होंने भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। लोगों ने इस दौरान 'मोदी-मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।

**कतर के पीएम से बातचीत की-** एयरपोर्ट से निकलने के बाद पीएम मोदी ने कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी के साथ बैठक की थी। इस दौरान भारत-कतर के बीच व्यापार, निवेश, ऊर्जा और वित्त क्षेत्रों में विस्तार पर चर्चा की थी। दोनों ने साथ डिनर किया था।

दोहा में मोदी ने कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एचएच शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की और उनके साथ डिनर किया।

**दूसरी बार कतर पहुंचे मोदी-** प्रधानमंत्री की यह कतर की दूसरी यात्रा है। इसके पहले वो 2016 में दोहा पहुंचे थे। दोनों देशों के बीच इस वक्त करीब 20 अरब डॉलर का कारोबार होता है। कतर में करीब 8 लाख भारतीय रहते हैं और वो यहां के विकास में अहम रोल अदा कर रहे हैं।

### कतर ने रिहा किए 8 पूर्व नौसैनिक

कतर ने हाल ही में भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों को जेल से रिहा किया था। इन्हें कथित तौर पर जासूसी के आरोप में सजा-ए-मौत सुनाई गई थी। बाद में यह सजा कैद में तब्दील कर दी गई थी।12 फरवरी को विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था- कतर में भारत के पूर्व सैनिकों के मामले पर प्रधानमंत्री खुद भी नजर रख रहे थे। हम कतर की तरफ से उठाए गए कदम के लिए उनके शुक्रगुजार हैं कि उन्होंने हमारे पूर्व सैनिकों को रिहा कर दिया है।

## टीएमसी सांसद मिमी चक्रवर्ती का इस्तीफा

### कहा- स्थानीय नेताओं से मतभेद, राजनीति मेरे बस की नहीं



**कोलकाता (एजेंसी)।** जादवपुर से टीएमसी सांसद मिमी चक्रवर्ती ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका कहना है कि वे पार्टी स्थानीय नेताओं के साथ मतभेद के चलते यह फैसला ले रही हैं। हालांकि उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है। एक्ट्रेस और सांसद मिमी चक्रवर्ती ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को अपना इस्तीफा सौंप दिया है, लेकिन उन्होंने इसे एक्सेप्ट नहीं किया है।

## जम्मू-कश्मीर में इंडिया गठबंधन को लगा तगड़ा झटका

### राज्य में अकेले लड़ेंगे चुनाव, एनडीए में शामिल होने के दिए संकेत

**श्रीनगर (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले इंडिया से एक और पार्टी दूरी बना रही है। जम्मू-कश्मीर की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार (15 फरवरी) को कहा कि पार्टी अपने बलबूते चुनाव लड़ेगी। इससे पहले दिल्ली-पंजाब में आप और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी भी अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी हैं।



श्रीनगर से सांसद फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ हो सकते हैं। किसानों के आंदोलन पर उन्होंने कहा- पिछली बार के किसान आंदोलन में करीब 750 किसानों की जान गई थीं। इसके बाद यूपी के चुनाव से पहले केंद्र ने तीनों किसान बिल वापस ले लिए थे।

## फर्जीवाड़े के आरोप से मुक्त हुई एमपी पटवारी भर्ती परीक्षा

- **चयनित उम्मीदवारों को जल्द मिलेगी नियुक्ति**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश की पटवारी भर्ती परीक्षा फर्जीवाड़े से मुक्त हो गई है। इस एग्जाम में गड़बड़ी के आरोपों की जांच कर रहे आयोग ने इसे क्लीन चिट दे दी है। इसके बाद अब जल्द ही इस परीक्षा में सफल हुए कैंडिडेट्स को नियुक्ति दे दी जाएगी।

मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी) की ओर से आयोजित होने वाली एमपी पटवारी भर्ती में गड़बड़ी के आरोप लगे थे। तमाम कैंडिडेट्स का कहना था कि परीक्षा में धांधली हुई है। दरअसल, एग्जाम के बाद



नतीजे जारी किए गए थे तो एक ही सेंटर से 114 उम्मीदवारों का चयन हुआ था। इनमें से भी 7 अभ्यर्थी टॉपर लिस्ट में शामिल हुए थे। इसके बाद परीक्षा सवालों के घेरे में आ गई थी। इसके बाद से राज्य सरकार ने नियुक्ति पर रोक लगा दी थी। साथ ही जांच के आदेश दिए थे। वहीं, अब जांच कर रहे आयोग ने आरोपों से मुक्त कर दिया है, जिसके बाद इस परीक्षा परिणाम के आधार पर उम्मीदवारों को नियुक्ति दी जाएगी। साथ ही होल्ड किए गए नतीजों का एलान भी जल्द किया जाएगा।

मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की ओर से पिछले साल 2023 मार्च-अप्रैल में ग्रुप-2 (सब ग्रुप-4) और पटवारी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था। यह एग्जाम पूरे प्रदेश में कराई थी। वहीं, एग्जाम के कुछ समय बाद परिणामों की घोषणा हुई थी। इसके बाद अभ्यर्थियों ने परीक्षा पर सवाल खड़े किए थे। इसके बाद पूरे मामले पर राज्य सरकार ने एक्शन लेते नियुक्ति पर रोक लगा दी थी। हालांकि, अब जांच पूरी होने और आयोग से क्लीन चिट मिलने के बाद उम्मीदवारों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है।

त्रिपुरा के कॉलेज में देवी सरस्वती की प्रतिमा पर विवाद

## छात्रों ने बिना साड़ी वाली मूर्ति लगाई

- **विवाद बढ़ता देख कॉलेज अथॉरिटी ने मूर्ति को साड़ी पहनाई**
- **एबीवीपी-बजरंग दल ने अश्लीलता फैलाने का आरोप लगाया**

**अगरतला (एजेंसी)।** त्रिपुरा के अगरतला में बुधवार (14 फरवरी) को वसंत पंचमी के मौके पर बिना साड़ी वाली देवी सरस्वती की प्रतिमा को लेकर काफी विवाद हुआ। मामला त्रिपुरा गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट का है।

दरअसल, छात्रों ने देवी सरस्वती की एक मूर्ति बनाई थी, जिसमें उन्हें साड़ी नहीं पहनाई गई थी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मूर्ति को अश्लील बताकर विरोध-प्रदर्शन किया।

एबीवीपी ने दावा किया कि देवी की ऐसी प्रतिमा भारतीय संस्कृति और धार्मिक भावनाओं के खिलाफ है। इसके बाद बजरंग दल के नेता भी प्रदर्शन में शामिल हो गए। विवाद बढ़ता कॉलेज अथॉरिटी ने मूर्ति को साड़ी पहनाई।



### अश्लील तरीके से बनाई मूर्ति

त्रिपुरा के एबीवीपी यूनिट के जॉइंट सेक्रेटरी दिबाकर अचार्जी ने बताया कि हमें सुबह-सुबह खबर मिली कि गवर्नमेंट कॉलेज आर्ट एंड क्राफ्ट में देवी सरस्वती की मूर्ति बहुत ही गलत और अश्लील ढंग से बनाई गई है।

दिबाकर ने कहा- हममे कॉलेज पहुंचकर इसका विरोध किया। इसके बाद छात्रों ने मूर्ति पर साड़ी लपेटी।

## दुबई में सम्मानित हुये साहित्यकार डॉ कवि कुमार निर्मल एवम् पुष्पा निर्मल

### 23 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस पर भारतीय उच्चायोग दुबई मे हुये द्विदिवसीय आयोजन में साहित्यकार डॉ कवि कुमार निर्मल एवम् पुष्पा निर्मल को सम्मानित किया गया





लैला रेहान, इमिरेट्स की राजदूत के साथ

**चाणक्य भूमि। सुदामा द्विवेदी**

सहोदरी हिंदी (न्यास) एवं भारतीय उच्चायोग दुबई (यूएई) के संयुक्त तत्वावधान में भारत दुबई संबंधों में भाषाई प्रगाढ़ता को बढ़ाने के लिये द्विदिवसीय आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में देश भर से लगभग १३० भारतीय कवि और कवियत्रियों ने भाग लिया । कार्यक्रम के तीन सत्र में सभी प्रतिभागियों ने हिंदी व्याख्यान पर अपने प्रपत्र और काव्य पेश किए। इस समारोह के मुख्य अतिथि काउंसलेट जनरल सतीश कुमार सिवन, विशिष्ट अतिथि हर एक्सीलेंसी मैडम लैला रेहाल, भाषा सहोदरी के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा जी आदि थे। बेतिया नगर के वरीय साहित्यकार व भुतपूर्व चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ. कवि कुमार निर्मल जिनको पैतृक साहित्य संस्कार में मिला है और इनके पिता स्वर्गीय विमल राजस्थानी का नाम भी जिले के वरीय साहित्यकारों में शुमार था। और इनकी कई रचनाये भी प्रकाशित हुई थी। इस कार्यक्रम में इनकी पत्नी जो कि एक छंदकार है। कवियत्री पुष्पा निर्मल ने छंदपाठ कर खूब तालियाँ बटोरी और काव्य पाठ कर बेतिया का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। और कार्यक्रम के अंत मे भारतीय दूतावास के कंसुलर जनरल ने सभी प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र दिया। डॉ. कवि कुमार निर्मल एवम् पुष्पा निर्मल अन्य फनकारों के साथ इस कार्यक्रम में "विश्व हिंदी सम्मान" से न्यास द्वारा अलंकृत भी हुए।

### सूर्य नमस्कार कर राजस्थान ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान की स्कूलों में गुरुवार को सूर्य सप्तमी पर सूर्य नमस्कार के सामूहिक अभ्यास का वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया है। प्रदेश के 88 हजार स्कूलों के 1.14 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार किया। प्रदेश भर में



विद्यार्थियों सहित 1.33 करोड़ से ज्यादा लोगों ने इसमें भागीदारी निभाई। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने दी सभी प्रतिभागियों और विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है।

विश्व रिकॉर्ड को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन के राजस्थान एडिशन द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। जयपुर के इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को विश्व रिकॉर्ड का प्रोविजनल सर्टिफिकेट दिया गया।

किसान आंदोलन

## 4 घंटे रेलवे ट्रैक पर बैठे, तनाव बरकरार

**अंबाला (एजेंसी)।** पंजाब के किसानों के दिल्ली कूच का (15 फरवरी) तीसरा दिन है। फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी समेत बाकी मांगें पूरी कराने के लिए वह हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर डटे हुए हैं। यहां हरियाणा पुलिस ने 7 लेयर की बैरिकेडिंग और आंसू गैस के गोले छोड़कर 3 दिन से किसानों को रोका हुआ है। हरियाणा से लगती



पंजाब की खनौरी और डबवाली बॉर्डर भी तीन दिन से बंद हैं। वहीं सरकार के साथ तीसरे दौर की बैठक की सूचना थी।किसानों ने गुरुवार को पंजाब के 6 जिलों में 12 बजे से 4 बजे तक रेल रोको आंदोलन किया। वहीं, तीन घंटे तक पंजाब के कई इलाकों में टोल नाके फ्री कर दिए।

**किसानों ने आज भारत बंद का ऐलान किया-**प्रमुख किसान यूनियनों ने शुक्रवार यानी 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया है। इसके चलते कई तरह की सेवाओं पर असर पड़ने के आसार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की पूजा आराधना



**भागलपुर/कजरैली, एजेंसी।** वसंत पंचमी के अवसर पर बुधवार को क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। उच्च विद्यालय व मध्य विद्यालय नारायणपुर, मध्य विद्यालय रतनगंज, मध्य विद्यालय कजरैली समेत निजी कोचिंग संस्थानों में मां सरस्वती की आराधना, पूजा में छात्र -छात्राएं भाव विभोर रहे। सरस्वती पूजा को लेकर बडी गोष्ठी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### भाकपा माले विधायक को सजा के खिलाफ प्रतिवाद मार्च

**भागलपुर/नवगछिया।** भाकपा-माले के विधायक मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ नवगछिया में भाकपा माले ने किया प्रतिवाद मार्च किया। राज्यव्यापी विरोध दिवस के तहत विरोध प्रदर्शन किया गया और वैशाली चौक के समक्ष प्रतिवाद सभा की गई। भाकपा माले के जिला सचिव विंदेश्वरी मंडल ने कहा कि आरा व्यवहार न्यायालय द्वारा अगिआंव से माले विधायक मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की गई जो राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य सह सचिव गौरीशंकर राय ने कहा कि एक तरफ जहां माले नेताओं को सजा सुनाई गई, वहीं न्यायालय ने दलित-गरीबों के हत्यारे को लगातार बरी करने का काम किया है। प्रतिवाद प्रदर्शन में प्रमुख रूप से भाकपा माले के प्रखंड सचिव राम देव सिंह, जिला कमेटी सदस्य रंजीत शर्मा, सुशील भारती, अशोक मंडल, रविंद्र कुमार रवि, सत्यनारायण यादव, सिकंदर यादव, सुरेंद्र शर्मा, महेश मंडल सहित दर्जनों माले कार्यकर्ता शामिल थे।

### अकबरनगर में भक्तिभाव से की गई माता सरस्वती की पूजा-अर्चना

**भागलपुर/अकबरनगर, एजेंसी।** नगर पंचायत अकबरनगर के विभिन्न इलाकों में भक्तों व छात्रों ने विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा अर्चना की। घरों और शैक्षिक संस्थानों में सरस्वती पूजा धूमधाम से की गयी। पूजा को लेकर छात्रों ने आकर्षक ढंग से सजे छोटे पूजा पंडालों में मां सरस्वती की प्रतिमा को सजाकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा की। अकबरनगर, पैन, भवनाथपुर, इंग्लिश चिचरौंन, खेरैहिया, श्रीरामपुर, कोठी श्रीरामपुर सहित दर्जनों इलाको में मां सरस्वती की प्रतिमाओं के दर्शन करने के लिए बच्चों की भीड़ देर शाम की आरती तक लगी रही। विधि व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार दलबल के साथ गश्ती करते दिखे।

### बारिश से सरसों, आलू को नुकसान

**भागलपुर/ कहलगांव, एजेंसी।** कहलगांव अनुमंडल क्षेत्र में बुधवार की सुबह से दोपहर बाद तक बारिश हुई। इससे सरसों, मसूर व आलू की फसल को नुकसान पहुंचा है। इन फसलों में रोग लगने की संभावना बढ़ गई है। वहीं गन्ना, मक्का और गेहूं फसल को फायदा पहुंचा है। सौर के किसान राजेश कुमार सिंह, रामपुर खड़हरा के मो जुबेर, शाहबाज आलम, मिल्की के सुनील मंडल ने बताया कि सरसों, मसूर व आलू को बारिश से नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है। मथुरापुर के किसान जैनेंद्र कुमार, अमर सिन्हा ने बताया कि गेहूं, मक्का और गन्ने की फसल को फायदा पहुंचा है। इन फसलों को इस मौसम में पानी की दरकार होती है। बीएओ अनिल सिंह ने बताया कि बुधवार को सामान्य और हल्की बारिश हुई है।

### बिहार सक्षमता परीक्षा 26 तारीख से

**पटना, एजेंसी।** बिहार सक्षमता परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। आपको बता दें कि यह बिहार में नियोजित शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के तौर पर नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से राज्य में कार्यरत स्थानीय निकाय शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षा परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा के एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले संबंधित वेबसाइट पर जाएं। इसके अलावा आप यहां नीचे दिए लिंक पर क्लिक करके भी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड लिंक अपना मोबाइल नंबर और पासवर्ड डालें और एडमिट कार्ड डाउनलोड करें। शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि सक्षमता परीक्षा में फेल होने पर भी नियोजित शिक्षकों को सेवा से मुक्त करने पर सरकार का अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है।

### नवगछिया से वाहन की चोरी, बेगूसराय में बरामद

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** नवगछिया बाजार के मुशहरी पट्टी निवासी नवीन कुमार साह की चुराई गयी बोलेरो बेगूसराय से बरामद की गयी। इस संबंध में पीड़ित नवीन साह ने थाना में दिये आवेदन में बताया है कि उसकी गाड़ी बैंक ऑफ बड़ौदा के पास खड़ी थी जिसे अज्ञात चोरों ने चुरा ली है। घटना की प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद नवगछिया पुलिस द्वारा बोलेरो को बेगूसराय में बरामद किया गया। इस संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।

# केके पाठक फिर एक्शन में! पहले शिक्षकों और अधिकारियों की परीक्षा ली, फिर काटी सैलरी



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बोचहां और गायघाट के तीन स्कूल को 9 बजे के बाद भी बंद रखने के मामले में एक्शन लिया गया है। शिक्षकों का चार दिन तो स्कूलों की जांच में गए अधिकारी व कर्मी का सात दिन का वेतन कटेगा। बुधवार को पटना बुलाए गए 14 अधिकारी-कर्मी और शिक्षकों को लेकर यह आदेश दिया गया है।

अपर मुख्य सचिव ने इनकी तीन घंटे की परीक्षा भी ली। बोचहां और गायघाट के तीन स्कूल को 9 बजे के बाद भी बंद रखने के मामले में एक्शन लिया गया है। अपर मुख्य सचिव ने इन स्कूलों में जुलाई से लेकर अब तक की जांच करने वाले अधिकारियों-कर्मियों को पटना तलब किया था। बुधवार को पटना पहुंचे शिक्षकों और हेडमास्टर की तीन घंटे की परीक्षा ली गई। इसमें एफएलएन से लेकर ट्रेनिंग से संबंधित अलग-अलग सवाल पूछे गए। सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक शिक्षक और अधिकारियों को अलग-अलग रखा गया। किसी भी शिक्षक को एक दूसरे से बातचीत नहीं करने दी गई। परीक्षा के बाद उन सभी शिक्षकों को रोका गया। तीन घंटे की परीक्षा की यह अनोखी सजा चर्चा का विषय बना रहा। अपर मुख्य सचिव ने आदेश दिया कि अगर इस तरह का मामला फिर आता है तो संबंधित सभी अधिकारी-कर्मी हर रविवार को पटना में ही रहेंगे।

## नियोजित शिक्षकों को राहत! अब 5 बार दे सकेंगे सक्षमता परीक्षा; शिक्षा मंत्री ने दिया अपडेट

**पटना, एजेंसी।** बिहार के करीब पौन चार लाख नियोजित शिक्षकों को बिहार सरकार ने राहत दी है। सक्षमता परीक्षा को लेकर बिहार सरकार ने नियोजित शिक्षकों की मांग मान ली है। अब नियोजित शिक्षकों को तीन बार की जगह पांच बार सक्षमता परीक्षा देने का मौका मिलेगा। इस बात की जानकारी खुद राज्य के शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने दी।

विजय कुमार चौधरी ने गुरुवार को पटना में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान सक्षमता परीक्षा को लेकर अहम जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सलाह पर जो तीन परीक्षाएं ऑनलाइन हो रही हैं, उनके अलावा दो लिखित परीक्षाओं का भी मौका दिया जाएगा। यानी कि अब कुल पांच परीक्षाओं का मौका दिया जाएगा।

बता दें कि नियोजित शिक्षक बीते लंबे समय से लिखित परीक्षा कराए जाने की मांग कर रहे थे। उनकी इस मांग को आखिरकार बिहार सरकार ने मान लिया है। शिक्षा मंत्री ने यह भी बताया कि नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

इससे पहले शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने सक्षमता परीक्षा को लेकर जानकारी दी थी। उन्होंने बीते दिनों कहा कि सक्षमता परीक्षा को लेकर शिक्षकों को घबराने की जरूरत नही। परीक्षा में सरल प्रश्न पूछे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इसको लेकर निर्देश जारी कर दिए हैं। इतना ही नहीं, बीपीएससी परीक्षा की तरह प्रश्न पत्र कठिन नहीं होंगे।

## मंदिर जाने के लिए घर से निकली थी, लौटने के दौरान खेत में वज्रपात से गई जान

**आरा, एजेंसी।** भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भड़सरा गांव स्थित खेत में बुधवार को ठनका गिरने से किशोरी की मौत हो गई। घटना के बाद 5 घंटे तक खेत में पड़ी रही। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृत किशोरी जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भड़सरा गांव निवासी तपेश्वर पांडेय की 13 वर्षीय पुत्री रिया कुमारी है। वह 7वीं कक्षा की छात्रा थी। काफी देर तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन की मृत किशोरी के चाचा सत्यम पांडेय ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन गांव के सभी लोग गांव में ही स्थित खुटहा बाबा के मंदिर में पूजा करने के लिए जाते हैं। बुधवार की शाम वह भी अकेले घर खुटहा बाबा मंदिर में पूजा करने के लिए गई थी। लौटने के क्रम में बारिश शुरू होने लगी। बिजली कड़कने लगी। इसी दौरान जब वह खेत से होकर घर आ रही थी तभी ठनका गिर गया। जब वह घर काफी देर तक नहीं लौटी तो परिजनों ने गांव और आसपास के लोगों के घरों में उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इसके बाद परिजन जब खुटहा बाबा के मंदिर की ओर गए। तभी वहां मौजूद एक चरवाहे ने बोला कि वह खेत की ओर उसे शाम में मैंने जाते देखा था। परिजन खुटहा बाबा मंदिर के समीप खेत में खोजने गए तो उन्होंने देखा कि वह घायल अवस्था में पड़ी है। इसके बाद परिजन इलाज के लिए आरा अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को दी जानकारी परिजनों ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पद स्थापित पुलिस पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। मृत किशोरी अपनी तीन बहन व एक भाई में तीसरे स्थान पर थी। घटना के बाद मृत किशोरी की मां गुड़िया देवी व परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## सरस्वती पूजा में जा रहे छात्र को बेकाबू गाड़ी ने रौंदा; मौत

**मधुबनी, एजेंसी।** बिहार के मधुबनी जिले के हरलाखी थाना क्षेत्र के फुलहर गांव स्थित एसएसबी कैम्प के निकट 8 वर्षीय एक छात्र की अज्ञात वाहन की ठोकर से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। मृत छात्र की पहचान फुलहर गांव निवासी स्व. अशोक मुखिया के पुत्र आशिक मुखिया के रूप में हुई है। हादसे से गुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा किया। स्थानीय लोगों ने मौके पर आगजनी कर सड़क जाम कर दिया। छात्र फुलहर गांव से एसएसबी कैम्प के निकट एक स्कूल में सरस्वती पूजा कार्यक्रम में जा रहा था। एनएच-227 सड़क पर अज्ञात वाहन बालक को कुचलकर फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच गए और अज्ञात वाहन और चालक की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गए। मृत छात्र की पहचान फुलहर गांव निवासी स्व. अशोक मुखिया के पुत्र आशिक मुखिया के रूप में हुई है। घटना को लेकर ग्रामीणों में वाहन चालक के प्रति काफी आक्रोश ब्याप्त है। परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि पीड़ित परिजन की आर्थिक स्थित काफी दयनीय है। पिता की मौत पहले ही हो चुकी है। मां किसी तरह मजदूरी कर घर चलाती है।

# पीएम मोदी और नीतीश कुमार पर खूब बरसे कन्हैया



**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में पहुंचे कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के विश्वविद्यालय को मान-सम्मान दिलाना चाहता हूं। मगध विश्वविद्यालय से पढ़ा हूं और शिक्षा के मर्म को समझता हूं। बिहार में मोहन दास करमचंद पहुंचे तो गांधी बन गए।

इसके साथ उन्होंने मगही में कहा, भूख से तड़प के मरब काहे, मरना है तो लड़ के मर जा। आगे कहा कि न्याय यात्रा औरंगाबाद पहुंची है तो मैं बताना चाहता हूं कि यह बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की धरती है। बिहार सिर्फ ज्ञान की नहीं मोक्ष की धरती भी है। बोधगया में सिद्धार्थ पीपल वृक्ष के नीचे बैठे तो ज्ञान मिला।

कन्हैया कुमार ने कहा कि वह बिहार के 14 करोड़ लोगों के आत्मसम्मान की बात करने आए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि फुटबॉल की तरह कभी इधर तो कभी उधर जाते हैं। तीन वर्ष में तीन बार मुख्यमंत्री बनते हैं।

वहीं, सवाल उठाया कि साढ़े चौदह लाख करोड़ पीएम के दोस्त का माफ किया जा सकता है तो किसानों का कर्ज क्यों नहीं माफ होगा। पांच और छह वर्ष के लिए सांसद बनने पर पेंशन और देश सेवा में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को पेंशन नहीं, यह कैसा न्याय है।

उन्होंने कहा कि बिहार में फूट डालो और राज करो की नीति नहीं चलेगी। टीवी खोलकर देखिए कि मीडिया वाले कैसे न्याय के विरोध में बोलते हैं। मीडिया हाउस के मालिक सरकार के गोद में बैठे हैं। किसानों के साथ देश में न्याय नहीं हो रहा है। मोदी जी कि गारंटी पूछना है तो यशोदा मैया से पूछिए।

उन्होंने कहा कि देश की संपदा को लूटना और रेल बेचने की गारंटी है। भीड़ से सवाल किया कि क्या आपके खाते में 15 लाख आया, दो करोड़ बेरोजगारों को रोजगार मिला। मोदी जी ने भगवान राम से सीता को अलग कर दिया। धर्म का मतलब ये भाजपाई नहीं जानते हैं। बिहार का धर्म है अपने हक के लिए संघर्ष करना।

कन्हैया ने कहा कि देश में बदलाव चाहते हैं तो इंडी को मतदान करें। बिहार से परिवर्तन की लहर चल पड़ रही है। कांग्रेस ने युवा न्याय, भागीदारी का न्याय, किसानों को न्याय दिलाने का संकल्प लिया है।

कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों को उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलेगा। न्याय के लिए न्याय योद्धा बनना पड़ेगा। भीड़ से कन्हैया के समर्थन में नारेबाजी होती रही।

# मैट्रिक परीक्षा देने जा रहे छात्र को बस ने रौंदा, मौत के बाद बवाल, तोड़फोड़ और आगजनी



**पश्चिमी चंपारण, एजेंसी।** बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में गुरुवार सुबह मैट्रिक परीक्षा देने जा रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सड़क पर जमकर बवाल किया। हादसा एनएच-727 पर शनिचरी थाने के मिश्रौली चौक के समीप हुआ। छात्र की बाइक को बस ने दाहिने चढ़कर सामने से ठोकर मार दी। इसके बाद सड़क पर गिरे छात्र को रौंद दिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने बस में तोड़फोड़ की और आगजनी कर बेतिया-लौरिया एनएच को जाम कर दिया।

मृतक छात्र की पहचान सिरिसिया थानाक्षेत्र की नौगांवा के चरगाहा वार्ड-5 के स्व. नंदकिशोर मिश्रा के पुत्र प्रदीप मिश्रा के रूप में हुई है। वह बेतिया के केदार पांडे हाई स्कूल स्थित केंद्र पर मैट्रिक की परीक्षा देने जा रहा था। घटना के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया। सैंकड़ों लोग सड़क पर उतर आए और हंगामा करने लगे। सूचना मिलने पर पर शनिचरी और सिरिसिया थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। खबर लिखे जाने तक शव को घटनास्थल से उठाया नहीं जा सका है। शनिचरी थानाध्यक्ष कृष्ण मुरारी ने बताया लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी की जा रही है। लोग मुआवजे की मांग कर रहे हैं। सरकार प्रावधान के अनुसार आश्रित को मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। बस की टक्कर से बाइक सवार तीन परीक्षार्थी घायल रोहतास जिले में फोरलेन पर धौडाढ ओपी के धनकाढा में एक अनियंत्रित बस ने बाइक सवार तीन मैट्रिक के परीक्षार्थियों को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों परीक्षार्थी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें को इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल लाया गया है। घायल अभिषेक कुमार, रौशन कुमार तथा विशाल कुमार अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के बांक गांव का निवासी है।

# मांझी ने फिर उठाई हम से एक और मंत्री बनाने की मांग



**पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने एक बार फिर अपनी पार्टी हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) से एक और मंत्री बनाने की मांग उठाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कहा कि वे हम को एक और मंत्री देंगे तो अच्छा और नहीं देंगे फिर भी अच्छा है। यह हमारी मांग है। कम से कम कुल दो मंत्री पद हमें मिलने ही चाहिए। उन्होंने दावा किया कि बिहार में एनडीए पूरी तरह मजबूत है और आगामी लोकसभा चुनाव में सभी 40 सीटों पर जीत दर्ज करेगा। मांझी ने बुधवार को अरवल के परिसदन में प्रेस वार्ता के दौरान ये बातें कहीं। हम सुप्रीमो ने कहा कि नीतीश कुमार से उनकी हमेशा बात होती रहती थी। वे हमेशा कहते थे कि विगत 17 महीनों से जो हो रहा है वह 2005 के पहले की स्थिति बन रही है। आरजेडी के तत्कालीन शिक्षा मंत्री लगातार सनातन धर्म पर प्रहार करते रहते थे। किसी भी धर्म का अपमान नहीं करना चाहिए। मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार ने सही समय पर महागठबंधन छोड़ने का सही निर्णय लिया। जीतनराम मांझी ने बताया कि आगामी 23 फरवरी को पटना के बापू सभागार में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के द्वारा राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बूथ से लेकर जिला स्तर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। संगठनात्मक दृष्टि से यह सम्मेलन काफी महत्वपूर्ण है। बता दें कि बिहार में एनडीए के सत्ता में आने के बाद से ही मांझी ने बीजेपी और जेडीयू पर मंत्री पद को लेकर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। मांझी ने पिछले दिनों कहा कि उन्हें महागठबंधन से सीएम पद का ऑफर था, लेकिन वे नहीं गए। अब एनडीए सरकार में उनकी पार्टी को कम से कम दो मंत्री मिलने चाहिए। बता दें कि मांझी की पार्टी के बिहार विधानसभा में चार विधायक हैं। साथ ही उनके बेटे संतोष सुमन नीतीश सरकार में मंत्री हैं। इस मौके पर हम पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष टिकारी के विधायक अनिल कुमार ने कहा कि पटना बापू सभागार में अरवल? जिले से हजारों के संख्या में कार्यकर्ता विभिन्न वाहनों द्वारा जाएंगे।

# डीजीपी आरएस भट्टी को धमकी देने वाला अरेस्ट



**पटना, एजेंसी।** बिहार में नई सरकार जब से बनी है तब से कुछ न कुछ हलचल है. अब बिहार के डीजीपी आरएस भट्टी के फोन पर धमकी मिली है. धमकी देने वाले ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कहिए कि बीजेपी से हट जाएं, नहीं तो बम से उड़ा देंगे और उनके विधायकों को भी मारेंगे. यह धमकी आरएस भट्टी के मोबाइल फोन पर व्हाट्सएप मैसेज और ऑडियो क्लिप भेज कर दी गई है. हालांकि, बिहार पुलिस ने इसपर क्विक एक्शन भी लिया है. जानकारी के अनुसार, इस मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने जांच के बाद कर्नाटक में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ चल रही है. बताया जा रहा है कि श्वह आरोपी को लेकर बुधवार देर रात पटना पहुंच गई है. बता दें कि गत 28 जनवरी को नीतीश कुमार ने महागठबंधन छोड़ दिया था और अपने पुराने गठबंधन एनडीए के साथ सरकार बना ली थी. इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए की अपनी सरकार के लिए 243 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए जरूरी 122 की जगह 129 विधायकों का समर्थन प्राप्त कर गत 12 जनवरी को विश्वासमत हासिल किया था. लेकिन, नीतीश कुमार के महागठबंधन छोड़कर भाजपा में आने को लेकर कई तरह के असंतोष देखे जा रहे हैं. नीतीश कुमार के महागठबंधन छोड़कर भाजपा के साथ जाने को लेकर जदयू और भाजपा के भीतर भी कई नेताओं में असंतोष दिख रहा है. इस क्रम में जदयू के डॉ संजीव, बीमा भारती और दिलीप राय का असंतोष तो जगजाहिर हो चुका है. इसके अतिरिक्त कई अन्य विधायकों ने भी नीतीश के एनडीए में आने के फैसले पर ऐतराज जताया था. इसमें गोपाल मंडल और मनोज यादव जैसे विधायक भी हैं. इसी प्रकार बिहार भाजपा में भी रश्मि वर्मा, भागीरथी देवी और मिश्रीलाल यादव का बागी रुख भी दिखा था. हालांकि, इनकी नाराजगी अन्य कारणों से बताए जा रहे हैं, लेकिन यह सबकुछ नीतीश कुमार के भाजपा के साथा सरकार बनाने के बाद सतह पर आना शुरू हो गया है. जाहिर तौर पर इस बार नीतीश कुमार के लिए सरकार को सरलता से चला लेना आसान नहीं है।

**पीएमसीएच में लगी आग, मची अफरा-तफरी : पटना, एजेंसी।** पटना के अशोक राजपथ स्थित बिहार के सबसे बड़े अस्पताल पीएमसीएच (पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल) में बुधवार को आग लग गई. यह आग अस्पताल के इमर्जेंसी के सामने स्थित सर्जिकल स्टोर रूम में लगी है. अगलगी के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई. तुरंत की फायर ब्रिगेड को इस बात की सूचना दी गई. जानकारी मिलते ही मौके पर दमकल की छह गाड़ियां पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं हैं. आग लगने का कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है. मौके पर पहुंची पुलिस ने आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है. वहीं, कुछ लोग आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बता रहे हैं. जांच के बाद ही आग लगने के सही कारणों का पता चल पाएगा.

**आग बुझाने में लगी फायर ब्रिगेड :** आग लगने की वजह से अस्पताल परिसर में चारों तरफ धुआं फैल गया. लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे. दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में लगी हुई हैं. रास्ता संकीर्ण होने के कारण मौके पर जेसीबी भी बुलाई गई है. अगलगी की घटना के कारण पीएमसीएच राजेंद्र सर्जिकल का विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है. इस हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुण्यतिथि पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन



**छपरा।** पानापुर प्रखंड के मोरिया गांव स्थित ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बनारसी ठाकुर वेलफेयर एवं एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा गुरुवार को संस्थापक बनारसी ठाकुर की पुण्यतिथि पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा दर्जनों लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी एवं उन्हें निःशुल्क दवा दी गई। इससे पहले गणमान्य लोगों ने उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।चिकित्सा शिविर का उद्घाटन जिलापार्षद रत्नेश कुमार भाष्कर ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिवंगत श्री ठाकुर ने ग्रामीण परिवेश के लोगो के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जो सजगता दिखाई वह हमलोगों के लिए सदा अनुकरणीय है। इस मौके पर संस्था के निदेशक घनश्याम कुमार ठाकुर, व्यवस्थापक अमित कुमार ठाकुर, डॉ मुन्ना कुमार, डॉ सोनू सिंह, अभिषेक ठाकुर, नर्मदेश्वर मिश्र, अखिलेश कुमार, रविशंकर गुप्ता, सुजीत कुमार, विपिन राय, मोनू कुमार, हरेन्द्र प्रसाद, रवीन्द्र साह, वीणा शर्मा, नीतू कुमारी, खुशबु कुमारी, पिंकी कुमारी, रजनी सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### गौनाहा वाल्मीकि टाईगर रिजर्व मंगुरहा के जंगल के किनारे बम फटने से महिला जख्मी



**बेतिया।** गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त्त स्थानीय थाना क्षेत्र के नया टोला गांव के समीप बम फटने से एक 65 वर्षीय महिला मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गई है । घटना को लेकर बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के कोहरगडी गांव के नागेश्वर महतो की पत्नी 65 वर्षीय मुनरी देवी किसी गृहस्थ के खेत में मजदूरी करने आई थे । घायल महिला ने बताया कि मैं पास के पईन के पास शौच के लिए गई थी । तभी मुझे बम दिखाई दिया है और फट गया है जीससे मैं जख्मी हो गई हूं। महिला के दोनों हाथ व चेहरा का ऊपरी भाग गंभीर रूप से जख्मी हो गया है । आनन फनन में महिला को रेफरल अस्पताल गौनाहा लाया गया है । जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जीएमसीएच बेतियां रेफर कर दिया गया है। इलाज कर रहे प्रभारी चिकित्सा पदादिकारी डॉक्टर शशि कुमार ने बताया है कि महिला का दोनों हाथ की उंगली कट चुकी है। गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उससे बेतिथा रेफर कर दिया गया है । वही इस घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं की बाजार गर्म है। और जख्मी महिला के अनुसार घटना स्थल वाल्मीकि टाईगर रिजर्व के मंगुरहा जंगल के करीब आधा किलो मीटर के अंदर ही हैं। वही घायल महिला ने यह भी बताया कि कोई किसान इस शिकारी जंगली सुवर या किसी जानवर को मारने के लिए इस बम को लगाया होगा। वही मंगुरहा रेन्जर सुनील कुमार पाठक से जानकारी लेने के लिए फोन लगाया गया तो उनके फोन बंद आ रहे थे।

### छपरा के पूर्व विधायक रंधीर ने लोकसभा चुनाव को लेकर मशरख में लगाया ग्रामीण चौपाल



**छपरा।** छपरा के पूर्व विधायक और महाराजगंज लोकसभा से राजद प्रत्याशी रणधीर कुमार सिंह ने मशरक नगर पंचायत के कुशवाहा टोला, गोला, पश्चिम टोला, सियरभुक्का, बेन छपरा, चन्देश्वर मोड़, यदु मोड़ और गोपालवाड़ी तथा महाराणा प्रताप चौक सहित दर्जनों गांव में लोकसभा 2024 को लेकर ग्रामीण चौपाल में भाग लिया। इस दौरान पूर्व विधायक का ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर उन्होंने अपने पिता पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा की और उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में आप सभी आशीर्वाद दे और पिता के बाद जो भी अधूरे कार्य हैं उसे पूरा करने का कार्य करेंगे। साथ ही अपने पिता के किये गये कार्य से चौगुनी वृद्धि से कार्य कराने की बात कही।पूर्व विधायक ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार देने का आश्वासन देने वाली केन्द्र सरकार ने क्या दिया आपसे छिपा नहीं है, वही राज्य सरकार लगातार रोजगार देने का वादा पूरा कर रही है। आप सब की शक्ति एकजुट हो जाए तो वे महाराजगंज में विकास की गंगा बहाने का काम करेंगे और आपके मान सम्मान को ऊंचा उठाने का काम करेंगे। मौके पर प्रखंड प्रमुख रविप्रकाश सिंह उर्फ मन्टु, जितेंद्र सिंह पूर्व सरपंच, साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन, रंजीत सिंह, शशि सिंह, बबन सिंह, रविन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, करण सिंह, विक्रमा सिंह, पूर्व मुखिया छोटा संजय, दिलीप महतो प्रमुख ललन महतो, शिवकुमार यादव उपमुखिया, चन्द्रमा सिंह, विक्रमा सिंह, पूर्व प्रमुख जितेंद्र राय, राजेश तिवारी, रतनेश सिंह, बाला पठान सहित अन्य ग्रामीण गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सरस्वती पूजा के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**छपरा।** पानापुर प्रखंड के भोरहाँ गांव स्थित समीर कोचिंग में सरस्वती पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे जिला पार्षद रत्नेश कुमार भास्कर ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना से की गई। छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, समूह नृत्य, रिकॉर्डिंग डांस, हास्य, लघु नाटिका देशभक्ति गीत एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रत्येक कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोहा एवं तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। मौके पर कोचिंग के संचालक मिथिलेश कुमार, अखिलेश सर, गुड्डू सिंह कुशवाहा, विकास राय, प्रदीप कुमार गुप्ता, करीमुल्ला सर सहित छात्र छात्राओं के अभिभावक एव सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### मशरक में पैसे के लिए ससुर ने बहु को मारपीट कर किया घायल



**छपरा।** मशरक थाना क्षेत्र के नवादा गाँव में एक ससुर ने अपने ही बहू को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला रिंकू देवी ने बताया गुरुवार के सुबह जब अपने दरवाजे पर बैठी थी, तभी मेरे ससुर आकर बोले कि जो अपने पति का पैसा रखी हो वो निकाल कर दो, जब देने से इंकार कि तो मारपीट कर घायल कर दिए। घायल महिला रिंकू देवी को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार किया।

### पुलवामा आतंकी हमले की बरखी पर निकला कैंडिल मार्च

**छपरा।** पुलवामा आतंकी हमले की बरखी पर नेशनल एकेडमी शाहनेवाजपुर के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। यह कैंडल मार्च नेशनल एकेडमी शाहनेवाजपुर से शुरू होकर तरैया बाजार होते हुए मशरख मोड़ तक गया जहाँ से पुनः ब्लॉक रोड खदरा पुल तक जाकर समाप्त हुआ। समाप्ति के पूर्व विद्यालय के प्राचार्य बलराम साह द्वारा सभा का संबोधन एवं समाप्ति की घोषणा की गई। उक्त कैंडल मार्च में तरैया थाने के आरक्षियों द्वारा सराहनीय सहयोग किया गया। इसमें विद्यालय के निदेशक पवन शर्मा के अतिरिक्त शिक्षक अनूप कुमार, सागर राम, गजेंद्र सिंह, आबिद हुसैन, सुधीर सिंह, रघु शर्मा, आर पी सिंह, सोनू सिंह, राजवर्धन राज इत्यादि का प्रमुख योगदान रहा। छात्र शिवम, अमन, ईशांत, आशीष, अश्विनी, ऋषिता, सुप्रिया सहित अनेक विधार्थियो ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने दुर्गापुर में आयोजित पेशेंट सपोर्ट ग्रुप की बैठक का लिया जायजा

# अब बच्चे और युवा फाइलेरिया मरीजों का होगा इलाज, उन्हें कराया जाएगा फाइलेरिया मुक्तः संयुक्त सचिव

## नेटवर्क सदस्यों से जानी उनकी बीमारी की कहानी, लोगों से की और जागरूकता फैलाने की अपील

चाणक्य भूमि। छपरा।



हमारा लक्ष्य है कि पूरे भारत से फाइलेरिया को जड़ से मिटाना है। लेकिन इसकी सबसे बड़ी समस्या यह है कि गांव में लोग दवाओं का सेवन करने से मना करते हैं। लेकिन, अब लोग यह जरूर समझ जाए कि फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करना ही इस बीमारी से हमें सुरक्षित बचा सकता है। उक्त बातें स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव राजीव मांझी ने मांझी प्रखंड के दुर्गापुर गांव में आयोजित फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट ग्रुप सहित ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों द्वारा आयोजित बैठक के दौरान कहीं। इस अवसर पर संयुक्त सचिव के अलावा चाय के जयराम पारसा, पीरामल स्वास्थ्य के विकास सिन्हा, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक रणविजय कुमार, डब्ल्यूएचओ की डॉ माधुरी देवाराजू, पीसीआई के एएसपीएम अमरेश कुमार, एमओआईसी डॉ रोहित कुमार, पीरामल के हरिशंकर कुमार, आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। मालूम हो कि संयुक्त सचिव श्री मांझी सिवान और सारण जिले में चल रहे सर्वजन दवा सेवन अभियान की सतत और उच्च स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन के लिए चार दिवसीय दौरे पर हैं। जहां तीसरे दिन सारण के मांझी प्रखंड के दुर्गापुर तो चौथे और अंतिम दिन जिला प्रशासन और स्वास्थ्य समिति के वरीय पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक करेंगे। दुर्गापुर में आयोजित पेशेंट सपोर्ट ग्रुप की बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि सरकार फाइलेरिया को जड़ से मिटाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्था के लोग एकजुट होकर कार्य कर रहे है। लेकिन अब लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। इसलिए यह सबसे जरूरी है कि गांव के बुजुर्ग और बुद्धिजीवी वर्ग इस अभियान में अपनी भूमिका तय करें। जिससे दुर्गापुर गांव सहित पूरे सारण ही नहीं बल्कि बिहार और देश से फाइलेरिया को आसानी से मिटाया जा सके। संयुक्त सचिव ने ग्रामीणों को कहा कि लोग यह कहते हैं की हमें बीमारी नहीं है तो हम दवा क्यों खाएं, लेकिन लोगों को समझना होगा की यह दवा खाना उनके लिए जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि यह बीमारी उम्र और लिंग देखकर नहीं करती है। यह किसी भी उम्र में हो सकता है। इसकी चपेट में बच्चे और युवा भी आ चुके हैं। जिसके लिए सरकार अब ऐसे मरीजों की बीमारी को मिटाने के लिए प्रयासरत है। इसलिए पटना और बेगूसराय में आयुर्वेद के माध्यम इलाज की सुविधा शुरू की गई है। जहां पर बच्चों, युवाओं और इस बीमारी के नए मरीजों को फाइलेरिया से मुक्त कराया जायेगा। उन्होंने जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार सिंह को ऐसे मरीजों की सूची तैयार कर इलाज के लिए भेजने का निर्देश दिया। संयुक्त सचिव ने नेटवर्क सदस्यों सहित उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि दवाओं के सेवन से कई लोग बीमार पड़ जाते हैं। जिसके केवल दो कारणों से होता है। एक एडवर्ड ड्रग रिएक्शन (एडीआर) और दूसरा फेवरेबल ड्रग रिएक्शन (एफडीए)। लेकिन आसान शब्दों में कहा जाए तो एडीआर की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब खाली पेट दवाओं का सेवन किया जाता है। वहीं, जब एफडीआर की स्थिति उत्पन्न हो तो लोगों को खुश होना चाहिए। क्योंकि यह परिस्थिति तब उत्पन्न होती है जब दवाओं का सेवन करने लाभुकों में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद होते हैं। दवा के सेवन से परजीवी मरते हैं, जिसके कारण मितली, उल्टी, चक्कर, सिर दर्द और पेट दर्द की समस्या उत्पन्न होती है। संयुक्त सचिव ने ग्रामीणों को समझाया कि सरकार के अथक प्रयास के बाद भी यह बीमारी लगातार बढ़ती ही जा रही है। इसलिए अब लोग आगे आ कर इस अभियान से जुड़े और ज्यादा से ज्यादा लोगों को दवाओं का सेवन करने के लिए प्रेरित करें। इसलिए यह जरूरी हो गया है की सपोर्ट ग्रुप से जुड़े सदस्यों के साथ मिलकर स्थानीय ग्रामीण अपने गांव में रिफ्यूज के मामलों को ब्रेक करें। उन्होंने ग्रामीणों और सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों से आह्वान किया की आप सभी कम से कम 20- 20 परिवार को दवाओं का सेवन कराएं। जिसके बाद सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों के साथ ग्रामीणों ने उत्साह के साथ उनके आह्वान को स्वीकार किया और प्रत्येक सदस्य 20 व उससे अधिक परिवारों को जागरूक करने की बात कहीं। जिस पर संयुक्त सचिव ने सभी के उत्साह की सराहना की और शुभकामना दी। कार्यक्रम के अंत में संयुक्त सचिव के द्वारा एक दर्जन मरीजों के बीच फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। साथ ही, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी द्वारा सभी को किट के इस्तेमाल की जानकारी दी। संयुक्त सचिव ने सभी मरीजों से अनिवार्य रूप से एमएमडीपी किट का इस्तेमाल करने की अपील की। बताया कि इस किट के इस्तेमाल से बीमारी खत्म नहीं होगी, लेकिन उसे और बढ़ने से रोकने में मदद मिलेगी।

## प्रशांत के अनुसार जातिगत गणना की आर्थिक रिपोर्ट महत्वहीन

### नीतीश सरकार के जातिगत गणना की आर्थिक रिपोर्ट को प्रशांत किशोर ने बताया फर्जी, कहा- बिहार के 80 प्रतिशत लोग दिन के 100 रुपये भी नहीं कमाते

चाणक्य भूमि।



प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार सरकार की ओर से पेश किए गए जातिगत जनगणना की आर्थिक रिपोर्ट के आंकड़ों को फर्जी बताते हुए कहा कि मैं पदयात्रा करते समय रोज अपनी सभा में कहता हूं कि बिहार में 80% लोग यानी कि 100 में 80 आदमी दिन में 100 रुपय नहीं कमाते हैं। सरकार ने जो आंकड़े जारी किए हैं वो जनता को बेवकूफ बनाने वाली बात है। हाउसहोल्डिंग कम है ये इंडीविजुअल इनकम नहीं है। वर्ल्ड बैंक के आंकड़े उठाकर देख लीजिए 80% बिहार के लोग दिन का 100 रुपय नहीं कमाते हैं। ये जानने के लिए नीतीश कुमार के सर्वे की रिपोर्ट को देखने की जरूरत नहीं है। इंटरनेट पर ये डेटा पड़ा है। दुनिया के जो सबसे ऑथेंटिक डेटा सोर्स है वो इस सच्चाई को बता रहे हैं। नीतीश कुमार की फर्जी डेटा और क्लेम को पढ़ने की जरूरत नहीं है।

## सिकटा इंडो नेपाल बॉर्डर से कस्टम और एसएसबी की करवाई में अवैध सामानों के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

चाणक्य भूमि। सिकटा।



आज इंडो नेपाल बॉर्डर पर कस्टम और एसएसबी की करवाई में बड़ी मात्रा मे तस्करी के सामानों के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया ।एसएसबी तथा कस्टम और 47वीं बटालियन के बी कंपनी सिकटा एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध सामान कॉस्मेटिक सामग्री, एवम चाइनीज लहसून की बड़ी खेप पकड़ी गई है जिसमे कॉस्मेटिक सामान से भरी एक जेनॉन पिकअप जिसकी लागत लगभग पचास लाख के साथ 2 व्यक्ति तथा लगभग 64 टन (64000 किलो) चाइनीज लहसून से भरी 8 ट्रैक्टर ट्रॉली को एक व्यक्ति के साथ अवैध तरीके से भारत नेपाल सीमा को पार करते हुए तथा सामानों को डंप करते हुए पकड़ा गया तथा गिरफ्तार किया गया है । मामला बेतिया पुलिस जिले के सिकटा थाना क्षेत्र की है। जहां एसएसबी और कस्टम की टीम की संयुक्त कारवाई ने बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। मामले की जानकारी देते हुए 47वीं बटालियन के बी कंपनी सिकटा, प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार साह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिकटा - गांव के पूरनिया में श्री विकास कुमार कमांडेंट 47वी वाहिनी के दिशा निर्देश एवम मार्ग दर्शन में मोतिहारी कस्टम टीम और एसएसबी अधिकारी श्री दीपक कृष्णा, उप कमांडेंट, इंस्पेक्टर संजय कुमार साह सिकटा कैंप प्रभारी एवम जवानों मुख्य आरक्षी विक्रम सिंह, मुख्य आरक्षी संजय कुमार राय, आरक्षी शशिभूषण, प्रेमचंद और आरक्षी विनोद कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से कारवाई करते हुए गहन चेकिंग अभियान एवम छापेमारी करके इस बड़ी कारवाई को अंजाम दिया गया है।मामले में कांड दर्ज कर और जब्त सामानों और गाड़ियों को गिरफ्तार व्यक्ति के साथ अग्रिम करवाई हेतु कस्टम टीम मोतिहारी को सुपुर्द कर दिया गया है।

## नेवारी में श्री हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य प्रारम्भ, खूब लगा जयकारा

चाणक्य भूमि। छपरा।





तरैया प्रखंड के नेवारी बाजार स्थित करीब एक सौ वर्ष पुराने श्री हनुमान लाला मंदिर के स्थान पर नए भव्य मंदिर का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया। इस दौरान खूब जयकारा लगा। संत रामजी व्यास समदर्शी के नेतृत्व में पूरे विधि विधान से नए मंदिर का आधारशिला रखा गया।तरैया मुखिया संघ के अध्यक्ष सह भागवतपुर पंचायत के मुखिया मुकेश कुमार यादव व अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में नेवारी बाजार स्थित पुराने व छोटे बजरंगबली मंदिर के बगल में नए व भव्य मंदिर बनाने का कार्य प्रारम्भ हुआ। भव्य बजरंगबलि मंदिर निर्माण के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण सामग्री यथा गिट्टी, बालू, ईंट, सीमेंट, रड व अन्य सामग्री व नकदी सहयोग स्वरूप देना भी प्रारम्भ कर दिया। मंदिर निर्माण में सहयोग करने के लिए लोग ततपर दिख रहे हैं। वैसे संत श्री रामजी व्यास समदर्शी ने लोगों से आह्वान किया की मंदिर निर्माण में सभी लोग सहयोग करें व पुण्य का भागी बनें। मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उक्त हनुमान मंदिर पर भी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया था जहां उपस्थित श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों के सर्वसम्मति से उक्त स्थल पर श्री हनुमान लला के भव्य मंदिर निर्माण कराने का निर्णय लिया गया था। जिसके बाद उक्त स्थल पर नए मंदिर निर्माण के लिए गत 24 जनवरी को ध्वजारोहण कार्य संपन्न हुआ है। मंदिर निर्माण के लिए भूमि दान करने वाले गया शर्मा, गजाधर शर्मा व दीनानाथ साह की लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा की है। मौके पर स्थानीय मुखिया मुकेश कुमार यादव, वकील राय, सुभाष कुमार यादव, एन के नवल, जयनाथ प्रसाद,अनिल साह, कमलदेव शर्मा, देवचंद शर्मा, जगदीश शर्मा, रमेश शर्मा, मेघनाथ राम, लालबाबू राम, शशि सिंह, अजय सिंह, राजू सिंह, उपेंद्र साह, योगेंद्र प्रसाद, रवि कुमार यादव, शैलेश कुमार यादव, संतोष साह, बिट्टू कुमार यादव, रामलाल राय, वीरेंद्र राय, सुदामा शर्मा, दीनानाथ साह, रामजन्म पाठक, मुक्ति राय, डॉ राजेश, विनायक ठाकुर, सुभाष यादव, सुजीत कुमार, मदन साह, बुन्नीलाल राय, सुदाम राय, बिनोद साह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा



चाणक्य भूमि। बेतिया।

लौरिया शहर व गांवों के सभी सरकारी व गैरसरकारी विद्यालयों के साथ कई चौक-चौराहों पर धूमधाम से वीणापाणि माता सरस्वती की पूजा की गई। गाजा बाजा के साथ विद्यालय में काफी उमंग व श्रद्धा के साथ छात्र - छात्राओं ने माता सरस्वती की पूजा अर्चना की। इधर ओवीएस इंटरनैशनल स्कूल,साहुजैन हाई स्कूल,बीकेजी,चंपा कुँअर,इंडियन पब्लिक स्कूल,आर के कुशवाहा स्टडी सेंटर तथा सार्वजनिक स्थल पर आदि जगहों पर माता की प्रतिमा की सजावट बहुत ही मनभावन था।वही मंदिर में अहले सुबह से महिलाओं द्वारा पुजा अर्चना हेतु भीड़ लगी रही। वहीं अनेक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सभी शिक्षण संस्थानों में मना सरस्वती पूजनउत्सव।वहीं सभी स्थलों पर बच्चें माता की प्रतिमा के पास खड़े होकर पूजा पाठ करते रहे।

## संजीव राम हत्याकांड का नामजद धराया 2

### मझौलिया पुलिस की कार्रवाई

चाणक्य भूमि। मझौलिया।

पुलिस ने कोहड़गर के संजीव हत्याकांड के नामजद अभियुक्त आफताब अंसारी(17) वर्ष को गुरुबार को गिरफ्तार किया।जानकारी एसएचओ अखिलेश कुमार मिश्र ने दी।उन्होंने बताया कि मृतक संजीव राम माता रमावती देवी ने आफताब को नामजद करते हुए हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी थी।उल्लेखनीय है कि आफताब ने मंजीव राम को रील बनाने के लिये बुलाकर ले गया था।संध्या चार बजे मंजीव राम की लाश घर के पास ही सरसो के खेत मे पड़ा मिला था।मृतक की शादी 22 अप्रैल को होनेवाली थी।हालांकि उसी दिन संजीव ने एसबीआई के एटीएम से दिन के 10 बजे और दोपहर दो बजे रुपये की निकासी करते देखा गया था।संध्या चार बजे आफताब की लाश मिली।इधर आफताब के परिजनों ने हत्या की संलिप्तता से पूरी तरह इनकार किया है। एक विवाहित महिला के साथ गावं में रील बनाने के वक्त आफताब और मंजीव दोनो को वायरल वीडियो में देखा जा रहा है।पुलिस अन्य पहलू पर भी मामले की जांच कर रही है।

## चन्द्रशेखर को भारत रत्न और पत्रकारों को मिले सुरक्षा कानून- आनंद मोहन

चाणक्य भूमि। छपरा।



महान समाजवादी नेता व देश के पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना वर्तमान समय की माँग है तथा इससे पूर्वांचल के 20 करोड़ भोजपुरिया समुदाय के लोगों की बहु प्रतीक्षित मांग पूरी होगी। यह बातें पूर्व सांसद आनंद मोहन ने गुरुवार को माँझी के बलिया मोड़ पर पत्रकारों से बातचीत के क्रम में कही। इससे पहले फ्रेंड्स ऑफ आनंद से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने माँझी पहुँचने पर श्री आनंद मोहन का गाजे बाजे के साथ फूलमाला पहना कर भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पाँच दशकों तक समाजवादी आंदोलन के ध्वजवाहक रहे पूर्व प्रधानमंत्री को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने से देश का मान सम्मान और बढेगा। पत्रकारों के एक सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि अपनी जान जोखिम में डालकर देश व समाज के निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाने वाले देश के पत्रकारों के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून उनका हक है। अतः इस कानून को लागू कराने के लिए वे सडक से संसद तक संघर्ष करेंगे। बिहार में जारी राजनीतिक गहमागहमी एवम उनके बेटे के पाला बदलने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि वे जो कुछ भी करते हैं वह डंके की चोट पर करते हैं। उन्होंने कहा कि अहसान की कीमत वे सूद समेत चुकाते हैं तथा अपमान का हिसाब भी समय पर लेते हैं। उन्होंने कहा कि ठाकुर कभी संकीर्ण नही होता तथा जो संकीर्ण हो गया वह ठाकुर नही हो सकता। श्री आनद मोहन का स्वागत करने वालों में गोबरही पँचायत के पूर्व मुखिया देवेन्द्र सिंह, उमाशंकर ओझा, उदय नारायण सिंह, सुनील कुमार पाण्डेय, मुकेश सिंह, धीरज सिंह, मयंक ओझा, धर्मेन्द्र सिंह, विक्की सिंह, जगमोहन चौहान तथा नागेन्द्र ठाकुर समेत सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद थे। बाद में श्री मोहन अपने काफिले के साथ बलिया के लिए रवाना हो गए।

# मझौलिया में 40 हजार छात्र छात्राओं को खिलायी गयी डीईसी और एल्बेंडाजोल की गोलियां

## जांच में पहुंची केंद्रीय टीम ने किया खुलासा


जांच करती केंन्द्रीय टीम

चाणक्य भूमि। (कनकलता),बेतिया।

गुरुबार को सेंट्रल से आई फाइलेरिया की टीम ने मझौलिया सीएचसी के अंतर्गत मध्य विद्यालय मझौलिया में औचक निरीक्षण किया। जहां उपस्थित 80 छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया की दवा एल्बेंडाजोल और डीईसी खिलाई गई। सेंट्रल से आई टीम ने जरूरी कागजात, माइक्रो प्लान के साथ दवा का बैच नंबर और एक्सपायरी डेट का भी निरीक्षण किया। जो की सही पाया गया ।मौके पर उपस्थित मझौलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएचऍम शकील अहमद बीसीएम राजेश कुमार पिरामल स्वास्थ्य के डी.एल राजू सिंह ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्रवण कुमार,पीसीआई और जिला फाइलेरिया विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.ओमप्रकाश ने बताया कि प्रखण्ड क्षेत्र में अबतक 40 हजार छात्र छात्राओं को फाइलेरिया से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल एवं डी आई सी की गोली खिलाई गई ।उन्होंने लोगों से निर्भीक होकर दवा खाने का अनुरोध किया है।

# मामुली बढ़त के साथ हुई बस स्टैंड की बंदोबस्ती

**आज नगर निगम में हुये सैरात बंदोबस्ती में जहाँ मालवाहक पार्किंग वसूली में जहां बाईस प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई वही बस स्टैंड की बंदोबस्ती मात्र तीन प्रतिशत बढ़कर नसीम अहमद को हुई**



चाणक्य भूमि। बेतिया।

बेतिया बस स्टैंड की बंदोबस्ती नगर निगम कार्यालय में आज संपन्न हुई। पिछले वर्ष के तुलना मे इस साल बंदोबस्ती की रकम में मात्र तीन प्रतिशत का इजाफा हुआ और दो करोड़ सत्तर लाख पैंतालीस हजार में पुर्व ठेकेदार नसीम अहमद ने इस साल भी यह ठेकेदारी लेने में सफल रहे। इसी के साथ नगर निगम के दूसरे बड़े सैरात मालवाहक से पार्किंग वसूली की बंदोबस्ती पिछले वर्ष के एक करोड़ उनसठ लाख के बदले बाईस प्रतिशत के लगभग बढ़कर एक करोड़ छियानवे लाख चालीस हजार रुपये में हुई।

# लगभग छह घंटे तक जाम रहा बेतिया लौरिया राष्ट्रीय राजमार्ग

**मैट्रिक परीक्षा देने जा रहे युवक की दुर्घटना में हुये युवक की मौत को लेकर उग्र हुये ग्रामीणों ने लगभग छह घंटों तक सड़क को जाम रखा जिसकी वजह से दोनों तरह वाहनों की कतार लग गई काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम को छुड़ाया**

चाणक्य भूमि। बेतिया।



गुरुवार को मिश्रौली चौक के पास अनियंत्रित बस द्वारा मैट्रिक परीक्षा देने जा रहे युवक की बाईक को टक्कर मार दी गई जिससे युवक की मौत हो गई। उसके गुस्से की वजह से ग्रामीणों ने जहां बस को नुकसान पहुँचाया उसी के साथ शव को सड़क पर रख आवागमन बाधित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंचीं कई थानों की पुलिस ने लोगों को समझाने की कोशिश की परंतु लोगों द्वारा कई घंटों तक आवागमन को बाधित रखा जिसकी वजह से हज़ारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। घटनास्थल पर शनिचरी योगापट्टी मनुआपूल लौरीया समेत कई थानों की पुलिस कैंप कर रही थी। काफी समझाने-बुझाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया और आवागमन चालू कराया गया। मृतक की पहचान सिरसिया ओपी के नौगांवा निवासी स्वर्गीय नंदकिशोर मिश्र के 16 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरुवार को प्रदीप मैट्रिक का परीक्षा देने जा रहा था। जैसे ही वो मिश्रौली चौक के समीप पहुंचा कि तेज रफ्तार विपरीत दिशा से आ रही बस ने सामने से टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौके पर मौत हो गई।

# खुद जागरूक कर रहे फाइलेरिया से प्रभावित कपिलदेव सहनी

**30 वर्षो से हैं फाइलेरिया से ग्रसित कपिलदेव सहनी झखिया के पार्वती पेशेंट प्लेटफार्म से जुड़कर स्कूल के बच्चों व आमजनों को दे रहे है फाइलेरिया से बचाव की जानकारी**

चाणक्य भूमि। मोतिहारी।



जिले के बंजरिया प्रखंड के झखिया ग्राम के निवासी कपिलदेव सहनी 30 वर्षों से (हाथी पाँव) रोग से ग्रसित हैं। वे झखिया गाँव में पार्वती पेशेंट प्लेटफार्म से जुड़कर स्कूल के बच्चों व आमजनों को फाइलेरिया से बचाव की जानकारी दे रहें है। वे एमडीए अभियान में बढ़ चढ़ कर लोगों को सर्वजन दवा सेवन करने का आग्रह कर रहे हैं। साथ ही आशा रेणु कुमारी एवं द्रोपदी देवी के साथ झखिया मिडिल स्कूल के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। फाइलेरिया से बचाने के लिए खुद दवा का सेवन करते हुए सर्वजन दवा सेवन कराने हेतु गंभीर रूप से प्रयासरत हैं। कपिल देव सहनी के द्वारा जागरूक करने के बाद विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यालय के सभी 200 से अधिक बच्चों को सर्वजन दवा का सेवन कराया। वहीं दवा सेवन के उपरांत कई छात्र-छात्राओं को हलके-फुल्के साइड इफेक्ट भी देखने को मिले जिसमें सर दर्द, चक्कर जैसे लक्षण दिखाई पड़े, तब आशा एवं शिक्षक सुजीत कुमार के द्वारा समझाया गया कि इस तरह के लक्षण उन लोगों में ज्यादा होते हैं जिनके शरीर में फाइलेरिया रोग के परजीवी होते हैं, इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। कपिलदेव सहनी ने बताया कि झखिया ग्राम के अलग अलग वार्डो में 30 से ज्यादा हर उम्र के फाइलेरिया के मरीज हैं जो कष्टकारी जीवन जीने को मजबूर है। उन्होंने बताया कि यह ठीक होने वाला रोग नहीं है, इसलिए यह रोग आगे किसी को न हो, इसलिए मैं इस बीमारी से बचने के लिए लोगों को जागरूक कर रहा हूँ। उन्होंने 80 से अधिक बच्चों को अपने सामने दवा खिलवाते हुए उन्हें घर व उसके आसपास साफ सफाई करने की बात बताई। उन्होंने बच्चों को बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होता है। इससे बचने के लिए रात में मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए और जब भी आशा दीदी या सरकारी स्वास्थ्य कर्मी घर या स्कूल में आकर सर्वजन दवा का सेवन कराएँ।

# शादी से पहले गर्भवती हुई युवती, प्रेमी ने गर्भपात के लिये खिलायी दवा

- इलाज के दौरान हुई मौत
- मौत से पहले प्रेमी समेत चार लोगों पर युवती ने दर्ज करायी है केस

चाणक्य भूमि। (कनकलता)बेतिया।

मझौलिया थाना क्षेत्र के सेनुवरिया पंचायत इन दिनों सुर्खियों में है । ताजा मामला सेनुअरिया पंचायत के टाली टोला की है। उपेंद्र साह की पुत्री अंजू कुमारी के मंगेतर ने अपने होने वाली पत्नी का गर्भपात करा दिया तथा उसे सुगौली लाकर छोड़ दिया । जब परिजनों को इसकी सूचना मिली तब आनन फानन में परिजनों ने मझौलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहाँ ड्यूटी में तैनात डॉक्टरों ने स्थिति चिंताजनक देख जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया । जहाँ इलाज के दौरान उस अविवाहित युवती की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। इस बाबत मृतक अंजू कुमारी और उसकी की माँ रानी देवी ने चार लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। इस बाबत थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि अंजू कुमारी और उनकी मां रानी देवी ने एक लिखित आवेदन देकर पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र स्थित कोबेया गांव निवासी विकास साह सहित अन्य को नामजद अभियुक्त बनाया है । उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तथा अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है । बताया जाता है कि अंजू कुमारी की शादी हरसिद्धि थाना क्षेत्र के कोबेया गांव निवासी विजय साह के पुत्र विकास साह के साथ तय था। शादी से पहले दोनों रिलेशनशिप में रहने लगे।। इसी दौरान अंजू कुमारी गर्भवती हो गई तथा लोक लाज के डर से मंगेतर ने गर्भपात कराने के लिए दवा दिया।दवा के सेवन से अत्यधिक रक्तश्राव के कारण युवती की मौत हो गयी।मझौलिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा।

# अहवरशेख तुरहा टोली में आध्यात्मिक उत्सव का आयोजन





पूजा अर्चना करते श्रद्धालू

चाणक्य भूमि। (ज़ापान साह)'नानोसती।

अहवर शेख स्थित पासवान चौक के निकट पत्रकार जापान साह के आवास पर आयोजित आध्यात्मिक उत्सव में श्रद्धालुओ की भारी भीड़ उमड़ी।इस अवसर पर आयोजित भंडरा में ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं तथा पुरुषों की भारी भागीदारी रही।पूर्वी चंपारण जिला के सटहाँ से आयी मंडली ने शुभ अष्टयाम में रामधुन गाया।ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं नेपूजा अर्चना की।आध्यात्मिक उत्सव के सफल संचालन में शिक्षकबाबुनन्द साह,सन्नी साह,संतोष कुमार,कृष्णा साह,सुबोध कुमार,कृष्णा साह,आनंद साह,निप्पू कुमार और शिवम कुमार का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# SSB 65 वाहिनी द्वारा ब्युटी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

चाणक्य भूमि बेतिया।




सीमा सुरक्षा बल 65 वाहिनी द्वारा अपने नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत बनकटवा गांव में 15 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। 20 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। 15 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरण के साथ किया गया। कार्यक्रम में बनकटवा गांव के 20 महिलाओं को ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया। सौरभ कुमार उप कमांडेंट 65वीं वाहिनी के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया गया कि इस प्रशिक्षण से स्थानीय महिलाएं स्वावलंबी बनेंगी और अपने विकास के साथ साथ इस क्षेत्र का भी विकास कर पाएंगी। इस प्रशिक्षण को देने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं का बौद्धिक विकास करना है जिससे जीविका के साधन उपलब्ध हो सके तथा इस प्रशिक्षण को व्यवसायिक रूप में विकसित किया जा सके। इन ग्रामीण क्षेत्रों में इस वाहिनी के द्वारा बहुत से कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है तथा पूर्व में यहां के आस पास के गांव में सिलाई प्रशिक्षण, चिकित्सा शिविर, मोबाइल रिपेयरिंग तथा जनरेटर सेट रिपेयरिंग प्रशिक्षण इत्यादि कार्यक्रम चलाया जा चुका है। इसके अलावा वाहिनी द्वारा आगामी दिनों में और भी कल्याणकारी कार्यक्रम कराए जाएंगे। यह कार्यक्रम सुचारु रूप से चलाया गया है। इस प्रशिक्षण से प्रशिक्षु को भरपूर लाभ मिलेगा। बौद्धिक रूप से विकसित करने के साथ साथ यह रोजगार के लिए अति आवश्यक प्रशिक्षण है। आने वाले दिनो मे आप इस प्रशिक्षण से रोजगार की तलाश करें। हमारे द्वारा किया गया प्रयास तभी सफल होगा जब आप खुद भी रोजगार करेंगे और दूसरों को भी रोजगार देने की कोशिश करेंगे । कार्यक्रम के दौरान सभी प्रशिक्षु महिलाओं को प्रमाण पत्र तथा छोटे स्तर पर रोजगार की शुरुआत करने के लिए ब्यूटी पार्लर किट भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सौरभ कुमार उप कमांडेंट, रमेश चौधरी, मुखिया मनचंगवा पंचायत, निवेदिता मिश्रा, चंद्रावती देवी, हीरा लाल प्रजापति स्थानीय ग्रामीण एवम 20 प्रशिक्षु महिलाएं उपस्थित थी।































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714